## न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी, नोहर जिला हनुमानगढ

पीठासीन अधिकारी का नाम : **पंकज गढ़वाल (आर0ए0एस0)**

प्रकरण संख्या – 08/2023

अनवान : –

**1.** मोटूराम पुत्र हीराराम जाति मेघवाल निवासी भुकरका तहसील नोहर हाल निवास अराईयावाली वार्ड न0 5 तहसील व जिला हनुमानगढ़।

**–प्रार्थी**

**बनाम्**

1. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार (राजस्व) नोहर।

**– अप्रार्थी**

**प्रार्थना पत्र रिकार्ड दुरस्ती**
**अन्तर्गत धारा 136 लैण्डरैवेन्यू एक्ट**

उपस्थिति :– श्री विजयसिंह कड़वासरा अधिवक्ता **प्रार्थी**
राजपेरोकार

**निर्णय** दिनांकः –29/2/24

संक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि प्रार्थी ने जरिये अधिवक्ता यह प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल.आर.एक्ट. के तहत इस आशय का पेश किया है कि रोही मौजा भुकरका तहसील नोहर के खाता संख्या 966/695 की कुल 4.8370 हैक्ट भूमि में से 1/28 हिस्सा भूमि संयुक्त खाता में दर्ज राजस्व रिकार्ड है।

उक्त वाद भूमि में प्रार्थी का नाम मोडुराम पुत्र हीराराम दर्ज है जो कि सहवन से दर्ज हुआ है प्रार्थी का वास्तविक व सही नाम प्रार्थी के दस्तावेजो यथा आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि में मोटुराम पुत्र हीराराम दर्ज है।

राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी का नाम गलत दर्ज होने से प्रार्थी को विभिन्न प्रकार की परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए प्रार्थी राजस्व रिकार्ड में मोडुराम पुत्र हीराराम के स्थान पर अपना सही व वास्तविक नाम मोटुराम पुत्र हीराराम दर्ज करवा पाने का अधिकारी है।

प्रार्थी ने अप्रार्थी संख्या 1 को काफी मर्तबा कहा कि प्रार्थी का नाम मोडुराम पुत्र हीराराम के स्थान पर अपना सही व वास्तविक नाम मोटुराम पुत्र हीराराम दर्ज कर देवे जिससे प्रार्थी का कोई हिस्सा कम अथवा ज्यादा नही होना केवल नाम ही सशोधित होना है परन्तु अप्रार्थी संख्या 1 कुछ दिन तो आजकल करते रहे अंत में इन्कार हो गये इसलिए यह प्रार्थना पत्र पेश किया गया है।

प्रार्थना पत्र पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को जरिये सम्मन तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या 1 पेशोकार सरकार ने जवाब पेश किया जो की शामिल मिसल किया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.03.28 12:08:19 IST
Reason: SelfAttested

बहस वकील प्रार्थी सुनी गई। दौराने बहस वकील प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र के तथ्यों को दोहराते हुए कथन किया कि प्रार्थी का सही नाम मोटुराम पुत्र हीराराम है जबकि राजस्व रिकार्ड

उपखण्डाधिकारी (राजस्व)
नोहर (हनुमानगढ)

में प्रार्थी का नाम मोडूराम पुत्र हीराराम दर्ज हो गया जिससे प्रार्थी को विभिन्न प्रकार की परेशानीयों का सामना करना पड़ता है। अतः मुताबिक प्रार्थी के दस्तावेजों के आधार पर राजस्व रिकार्ड में सही नाम मोटुराम दर्ज कर रिकार्ड दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया।

हमारे द्वारा अभिभाषकगण की बहस पर मनन किया गया। पत्रावली में प्रस्तुत दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। प्रार्थना पत्र में प्रस्तुत रिकार्ड के अनुसार रोही मौजा भुकरका तहसील नोहर के खाता संख्या 966/695 की कुल 4.8370 हैक्ट भूमि में से 1/28 हिस्सा भूमि संयुक्त खाता में दर्ज राजस्व रिकार्ड है, प्रार्थी अपना नाम मोडुराम पुत्र हीराराम के स्थान पर मोटुराम पुत्र हीराराम दर्ज करवाना चाहता है। पत्रावली में प्रस्तुत दस्तावेजात यथा आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि में प्रार्थी का नाम मोटुराम पुत्र हीराराम अंकित है।

अतः प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एलआरएक्ट स्वीकार योग्य होने के कारण स्वीकार किया जाता है कि रोही मौजा भुकरका तहसील नोहर के खाता संख्या 966/695 की कुल 4.8370 हैक्ट भूमि में से 1/28 हिस्सा भूमि संयुक्त खाता में दर्ज राजस्व रिकार्ड है, उक्त वाद भूमि में प्रार्थी का नाम **मोडुराम पुत्र हीराराम के स्थान पर मोटुराम पुत्र हीराराम का संशोधन किया जाकर राजस्व रिकार्ड दुरूस्त किया जाता है।** यदि किसी किसी न्यायालय में कोई अपराधिक वाद या जांच मोडुराम पुत्र हीराराम के नाम से विचाराधीन हो या किसी सरकारी संस्था का मोडुराम पुत्र हीराराम के नाम से देय बकाया हो तो उसके लिए प्रार्थी का नाम मोडुराम पुत्र हीराराम ही लागू होगा। अगर नाम संशोधन को लेकर कोई तथ्य छुपाया गया हो और निकट भविष्ट में प्रकट होता है तो प्रार्थी स्वयं जिम्मेदार होगा। तहसीलदार नोहर को निर्णय की प्रति प्रेषित कर पालना हेतु पृथक से लिखा जावें।

निर्णय आज दिनांक 28/2/24 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया पत्रावली फैसला शुमार होकर नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हों एवं उक्त निर्णय शामिल पत्रावली किया गया।

(पंकज गढ़वाल R.A.S)
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
एवं सहायक कलक्टर
नोहर

Signature Not Verified
Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.03.28 12:08:19 IST
Reason: SelfAttested

# कार्यालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर, नोहर

पीठासीन अधिकारी : **पंकज गढ़वाल (आर0ए0एस0)**

क्रमांक : रीडर/सशोधन/2023/214 दिनांक : 04/03/24

**तहसीलदार,**

**नोहर।**

विषय :– प्रकरण स0 08/2023 अनवानी मोटूराम बनाम सरकार में पारित निर्णय की पालना करवाने के संबंध में।

प्रकरण संख्या – 8/2023

अनवान : –

1. मोटूराम पुत्र हीराराम जाति मेघवाल निवासी भुकरका तहसील नोहर हाल निवास अराईयावाली वार्ड न0 5 तहसील व जिला हनुमानगढ़।

**–प्रार्थी**

**बनाम्**

1. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार (राजस्व) नोहर।

**– अप्रार्थी**

**प्रार्थना पत्र बाबत दुरूस्ती अन्तर्गत धारा 136**
**भू–राजस्व अधिनियम 1956**

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि प्रकरण में निर्णय पारित किया जाकर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर रोही मौजा रोही मौजा भुकरका तहसील नोहर के खाता संख्या 966/695 की कुल 4.8370 हैक्ट भूमि में से 1/28 हिस्सा भूमि संयुक्त खाता में दर्ज राजस्व रिकार्ड है, उक्त वाद भूमि में प्रार्थी का नाम **मोडुराम पुत्र हीराराम के स्थान पर मोटुराम पुत्र हीराराम का संशोधन किया जाकर राजस्व रिकार्ड दुरूस्त किया जाता है।** यदि किसी किसी न्यायालय में कोई अपराधिक वाद या जांच मोडुराम पुत्र हीराराम के नाम से विचाराधीन हो या किसी सरकारी संस्था का मोडुराम पुत्र हीराराम के नाम से देय बकाया हो तो उसके लिए प्रार्थी का नाम मोडुराम पुत्र हीराराम ही लागू होगा। अगर नाम संशोधन को लेकर कोई तथ्य छुपाया गया हो और निकट भविष्य में प्रकट होता है तो प्रार्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।

(पंकज गढ़वाल R.A.S.)
**उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)**
**एवं सहायक कलक्टर**
**नोहर**

Signature Not Verified

Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.03.28 12:08:19 IST
Reason: SelfAttested